जैव विवधता प्रबंधन समिति की प्रशिक्षण कार्यशाला का समाचार कतरन : जिला - औरंगाबाद

स्थान - दाउदनगर

एकदिवसीय प्रशिक्षण में जैव विविधता पर हुई व्यापक चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दाउदनगर। जैव विविधता पर दाउदनगर में एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में अनुमण्डल स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्य शामिल थे। उद्घाटन संयुक्त निदेशक, हेमकांत राय, उपनिदेशक मिहिर झा एवं पीके भगत और मनोज कुमार मिश्रा, वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, औरंगाबाद वन प्रक्षेत्र के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा विशेष रूप से पेड़-पौधों के बारे में जानकारी दी गयी। औरंगाबाद वन प्रक्षेत्र द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हेमकांत राय ने सभी जानकारी मुहैया करायी और उनके सवालों के जवाब दिए। प्रशिक्षण में जैव विविधता पर खुलकर चर्चा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों को जैव विज्ञान के बारे में हरेक जानकारी दी गई। अधिकारियों के द्वारा पेड़ों की नस्लों की जानकारी देते हुए उनसे होने वाले फायदें व जीव-जंतु के बारे में बारीकी से जानकारी दी गई। इस मौके पर वनपाल, चन्दन कुमार एवं पुष्पमाला, वनरक्षी, सुषमा साह, मो0 सबीर, पप्पु कुमार, प्रिन्स कुमार, कुन्दन कुमार, विकास कुमार, चित्रकला कुमारी, राधा कुमारी उपस्थित रहे एवं मंच संचालन वनरक्षी शालू श्रीवास्तव के द्वारा किया गया।

जैव विविधता के बारे में लोगों को दी गई जानकारी

प्रशिक्षण का उद्घाटन करते संयुक्त निदेशक हेमंत कुमार राय, उपनिदेशक मिहिर झा, पीसी भगत एवं मनोज कुमार मिश्रा बांनो ● जागरण

जागरण संवाददाता, औरंगाबाद : जैव विविधता पर सरस्वती पैलेस दाउदनगर में एक दिवसीय प्रशिक्षण शुक्रवार को आयोजित की गई। प्रशिक्षण में अनुमंडल से लेकर पंचायत स्तर के जैव विविधता प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्य शामिल हुए। उद्घाटन संयुक्त निदेशक हेमंत कुमार राय, उपनिदेशक मिहिर झा, पीसी भगत एवं मनोज कुमार मिश्रा, वनो के क्षेत्र पदाधिकारी औरंगाबाद वन प्रक्षेत्र के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। वन विभाग के अधिकारियों के द्वारा विशेष रूप से पेड़ पौधों के बारे में जानकारी दी गई। औरंगाबाद वन क्षेत्र द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में हेमकांत राय ने कहा कि पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने ग्रामीणों द्वारा किए गए सवालों के जवाब दिए। प्रशिक्षण में जैव विविधता पर खुलकर चर्चा की गई। पंचायत प्रतिनिधियों को जैव विविधता के बारे में जानकारी दी गई। अधिकारियों के द्वारा पेड़ों की नसों की जानकारी देते हुए उनसे होने वाले फायदे, जीव जंतु के बारे में बारीकी से बताया गया। वन क्षेत्र के अधिकारी मनोज मिश्रा ने सभी को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। वनपाल चंदन कुमार एवं पुष्पमाला वनरक्षक सुषमा शाह, मो. समीर, पप्पू कुमार, प्रिंस, कुंदन, विकास कुमार, चित्रकला कुमारी, राधा कुमारी उपस्थित रहे।

1